

# ट्रंप का एक अच्छा दोस्त पाकिस्तानी जेल में है बंद, क्या अब बदलेंगे हालात

**कराची**

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने शानदार जीत दर्ज कर सभी को हतप्रभ कर दिया है। इस जीत के साथ ही वैश्विक राजनीति में हलचल मची हुई है। ट्रंप की इस जीत का प्रभाव जहां एक ओर भारत पर पड़ सकता है, वहीं पाकिस्तान में भी उनके एक खास दोस्त की रिहाई की उम्मीदें जगने लगी हैं। यह खास दोस्त कोई और नहीं बल्कि पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ही हैं। इन दिनों इमरान खान रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं, को कभी डोनाल्ड ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से अपना अच्छा दोस्त बताया था। यह सच है कि एक जमाने में इमरान और ट्रंप के बीच अच्छे संबंध रहे, खासकर तब जबकि 2019 में इमरान ने व्हाइट हाउस का दौरा किया था।

इस दौरान ट्रंप ने इमरान की जमकर तारीफ की थी और दोनों नेताओं के बीच दोस्ती का यह किस्सा अब फिर चर्चाओं में है। ट्रंप की जीत से उम्मीदें जब साल 2019 में इमरान खान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री थे और ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति, तब दोनों देशों के बीच संबंध सौहार्दपूर्ण रहे। इसके बाद साल 2020 में ट्रंप की चुनावी हार हुई और इमरान खान की राजनीतिक गिरावट के बाद हालात बदलते चले गए। साल 2022 में इमरान को संसद में अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उन्हें प्रधानमंत्री पद से भी हटना पड़ गया था।

इसके साथ ही उनकी मुश्किलें लगातार बढ़ती चली गईं। ऐसे में इमरान समर्थकों और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ़ (पीटीआई) के नेताओं का मानना है कि ट्रंप की वापसी से इमरान खान की रिहाई की संभावना बढ़ सकती है। पीटीआई के नेता और नेशनल असेंबली के सदस्य लतीफ खोसा ने एक बातचीत के दौरान कहा, कि मुझे विश्वास है कि डोनाल्ड ट्रंप पाकिस्तान में लोगों की आवाज सुनने के पक्षधर हैं और इमरान खान की रिहाई के प्रयास किए जाएंगे। क्या मदद से बदल जाएंगे हालात ट्रंप की जीत से इमरान समर्थक उनके जेल से रिहाई को लेकर आशावादी रुख अख्तियार किए हुए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### दुनिया की पहली विश्व सुंदरी किकी हाकनसन का निधन



**स्टॉकहोम।** दुनिया की पहली विश्व सुंदरी बनीं स्वीडन की मॉडल किकी हाकनसन अब इस दुनिया में नहीं रहीं। किकी का 95 साल की उम्र में निधन हो गया। उनकी मौत की खबर सामने आते ही फैंस का दिल टूट गया है और मनोरंजन जगत के सितारे सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि देते नजर आ रहे हैं। किकी हाकनसन को ऐतिहासिक मॉडलिंग करियर के लिए हमेशा याद किया जाएगा। 1951 में उन्होंने लंदन में मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया था। वहीं, इसी साल किकी को मिस स्वीडन भी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था और मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में एक नई क्रांति का उदय हुआ। खास बात ये थी कि वह पहली ऐसी मॉडल रहीं, जिन्होंने बिकिनी में विश्व सुंदरी का खिताब अपने नाम किया था। किकी हाकनसन के निधन की खबर मिस वर्ल्ड के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर दी गई है। पोस्ट के मुताबिक- बीते 4 नवंबर को कैलिफॉर्निया स्थित अपने आवास पर किकी ने 95 साल की उम्र में आखिरी सांस ली और दुनिया छोड़ दी है। उनके बेटे क्रिस एंडरसन जूलिया मोर्ले को भेजे एक एक नोट में लिखा- मेरी मां वास्तविक, दयालु, प्यार करने वालीं एक मजेदार इंसान थीं। उनमें हास्य और बुद्धि का शानदार मेल और समझ देखने को मिलती थी। इसके अलावा वह एक बड़े दिल भी रखती थीं।

### ओली की प्रस्तावित चीन यात्रा का विरोध ठंडा करने दो लोगों की समिति बनी



**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की दिसंबर में प्रस्तावित चीन यात्रा का सत्तारूढ़ घटक दल ने विरोध किया है। इसके मद्देनजर एजेंडा तय करने के लिए दो लोगों की समिति बनाई गई है। ओली की चीन यात्रा के दौरान बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव समझौते पर दस्तखत होने हैं। प्रधानमंत्री निवास पर आज हुई नेपाली कांग्रेस और नेकपा एमाले के शीर्ष नेताओं की बैठक में इस मसले पर बात हुई। बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि ओली के चीन दौरे का एजेंडा तय करने के लिए दोनों दलों के दो नेताओं की समिति बनाकर फैसला उस पर छोड़ दिया जाए। बैठक में प्रमुख रूप से ओली और नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउवा मौजूद रहे। समिति में शामिल विदेशमंत्री आरजू देउवा चीन भ्रमण की संपूर्ण तैयारी का जायजा खुद लेंगी। वह बातचीत का एजेंडा तय करेंगी। समझौते पर दस्तखत किए जाएं या नहीं, इस पर भी समिति को फैसला लेना है। चीन के प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर दो से पांच दिसंबर तक ओली की बीजिंग यात्रा हो रही है। वहां उनकी चीन के राष्ट्रपति से भी मुलाकात होनी है। चीन लगातार बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर के लिए नेपाल पर दबाव बना रहा है। नेपाल महंगी ब्याज दर पर ऋण लेने से इनकार कर रहा है। नेपाल ने पोखरा में बनाए गए अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल के निर्माण के लिए लिए गए 26 बिलियन डॉलर के ऋण को माफ करने का प्रस्ताव भी रखा है। चीन ब्याज दर में कुछ कटौती करने के संकेत दे रहा है, लेकिन वह ऋण माफ करने के पक्ष में नहीं है।

### पाकिस्तान में इकबाल दिवस पर नौ नवंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इकबाल दिवस के उपलक्ष्य में 09 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। संघीय सरकार ने यह घोषणा की। इसमें कहा गया है कि नौ नवंबर मशहूर कवि और शायर अल्लामा इकबाल की 147वीं जयंती है। उन्हें पूरब के कवि के रूप में भी जाना जाता है। वह उन प्रमुख शख्सियतों में से एक थे, जिन्होंने उपमहाद्वीप में लाखों मुसलमानों को ब्रिटिश शासन से आजादी पाने और अपनी मातृभूमि स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। 1877 में सियालकोट में जन्मे अल्लामा इकबाल प्रशंसित कवि और दार्शनिक के रूप में पहचान रखते हैं। उन्हें मुसलमानों के लिए अलग मातृभूमि के निर्माण की मांग करने के लिए अपनी कविता और राजनीतिक प्रभाव का उपयोग करने का व्यापक श्रेय दिया जाता है। वर्ष 1930 का उनका इलाहाबाद संबोधन विभाजन-पूर्व की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ था, क्योंकि इसने उपमहाद्वीप के मुसलमानों के लिए पाकिस्तान हासिल करने के लिए एक स्पष्ट दिशा और अलग पहचान निर्धारित की थी। इकबाल दिवस पर मस्जिदों में विशेष नमाज, लाहौर में उनके मकबरे पर चेंज ऑफ गार्ड्स समारोह का आयोजन किया जाएगा। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने भी घोषणा की है कि इकबाल दिवस पर बैंक बंद रहेंगे।

# ट्रंप की जीत पर कई देशों ने दी बधाई, पुतिन की बेरुखी ने सभी को चौंकाया

**लंदन**



अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद दुनियाभर के नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। इस बीच, रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन का एक चौंकाने वाला बयान सामने आया है। पुतिन ने स्पष्ट किया कि वे अभी ट्रंप को जीत की बधाई नहीं देंगे। क्रेमलिन ने कहा कि ट्रंप को बधाई देने का फैसला उनके कार्यों और नीतियों के आधार पर किया जाएगा। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हम ट्रंप की नीतियों के आधार पर उनका मूल्यांकन करेंगे। हालांकि देर रात जानकारी आई की रुस ने कहा कि अमेरिका से बात करने में उसे कोई हर्ज नहीं है। इसके विपरीत, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने ट्रंप को बधाई दी और यूक्रेन का समर्थन करने की अपील भी की। जेलेंस्की ने ट्रंप के उस कथन का समर्थन किया जिसमें उन्होंने ताकत के दम पर शांति लाने की बात कही थी। उन्होंने अपनी सितंबर में हुई बैठक को भी याद किया, जिसमें यूक्रेन और अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी, जीत की योजना और रूसी आक्रामकता को समाप्त करने के उपायों पर चर्चा की गई थी।

रूस पर अक्सर ट्रंप के चुनावों में समर्थन देने का आरोप लगता रहा है। 2016 और 2020 के चुनावों में भी रूस पर ट्रंप की मदद करने का आरोप लगाया गया था। पुतिन के लिए ट्रंप का राष्ट्रपति बने रहना अधिक फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि बाइडेन प्रशासन ने रूस के प्रति कड़ी नीतियाँ अपनाई हैं। जंग शुरू होने के बाद से बाइडेन सरकार ने यूक्रेन को न केवल आर्थिक, बल्कि सैन्य सहायता भी प्रदान की है। बता दें कि ट्रंप को सबसे पहले बधाई संदेश देने वाले विश्व के नेताओं में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर भी शामिल हैं। सर कीर स्टारमर और केमी बैडेनोच उन ब्रिटिश पार्टी नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प की जीत पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। यह प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है, जब दोनों पहली बार पीएमओ में आमने-सामने होंगे। स्टॉर्मर ने कहा कि नये अमेरिकी प्रशासन के तहत ब्रिटेन और अमेरिका के बीच ''विशेष संबंध प्रगाढ़ होना जारी रहेगा। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने बुधवार को डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। नेतन्याहू ने 'एक्स पर लिखा, ''ऐतिहासिक महान वापसी पर बधाइयां। व्हाइट हाउस में आपकी ऐतिहासिक वापसी अमेरिका के लिए नई शुरुआत और इजराइल तथा अमेरिका के बीच महान गठबंधन के लिए शक्तिशाली प्रतिबद्धता दर्शाने वाली है। मैक्रों ने 'एक्स पर लिखा, ''साथ काम करने को तैयार हैं जैसा कि हम पहले भी चार साल में करने में सक्षम रहे। आपके और मेरे दृढ़विश्वास के साथ। सम्मान और महत्वाकांक्षा के साथ। अधिक शांति और समृद्धि के लिए। एसोसिएटेड प्रेस (एपी) द्वारा अपराह्न दो बजे तक उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप ने 277 निर्वाचक मंडल वोट, जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस ने 224 निर्वाचक मंडल वोट हासिल किये हैं। लंदन में, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय सह आवास '10 डाउनिंग स्ट्रीट द्वारा जारी एक बयान में स्टॉर्मर ने कहा, ''चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई हो ट्रंप। मैं आने वाले वर्षों में आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा, ''सबसे करीबी सहयोगी के रूप में, हम स्वतंत्रता, लोकतंत्र और उद्यम के अपने साझा मूल्यों की रक्षा करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। (आर्थिक) संवृद्धि और सुरक्षा से लेकर नवाचार और प्रौद्योगिकी तक, मुझे पता है कि ब्रिटेन-अमेरिका के विशेष संबंध आने वाले वर्षों में अटलांटिक (महासागर) के दोनों किनारों पर समृद्ध होते रहेंगे। सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के लिए न्यूयॉर्क की यात्रा के दौरान स्टॉर्मर ने पहली बार ट्रंप से एक निजी रात्रिभोज पर मुलाकात की थी।

# ब्लड शुगर को कंट्रोल करने प्याज का सेवन सबसे सस्ता तरीका



**लंदन**

हालिया रिसर्च में ब्लड शुगर कंट्रोल करने का एक अनोखा तरीका सामने आया है, जिसके जरिए आप घर बैठकर महज कुछ रुपए में इस परेशानी से काफी हद तक राहत पा सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए प्याज का सेवन सबसे सस्ता और कारगर तरीका है। प्याज के अर्क से ब्लड शुगर को 50प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। प्याज का अर्क, एलियम सेपा और मेटाफॉर्मिन से डायबिटीज को काफी हद तक कंट्रोल किया जा सकता है। यह बात अमेरिका में प्रजेंट किए गए एक रिसर्च पेपर में सामने आई है। मेटाफॉर्मिन डायबिटीज को कंट्रोल करने वाली दवा है, जिसे सबसे ज्यादा यूज किया जाता है।

इस रिसर्च के लीड इन्वेस्टिगेटर का कहना है कि डायबिटीज को कंट्रोल करने के लिए प्याज सबसे सस्ता और आसानी से उपलब्ध सामान है।रिसर्च के दौरान शोधकर्ताओं ने डायबिटिक चूहों को 400 मिलीग्राम और 600 मिलीग्राम प्याज का अर्क दिया था, जिससे उनके ब्लड शुगर लेवल में 50प्रतिशत और 35प्रतिशत कमी देखने को मिली। इतना ही नहीं प्याज से हाई कोलेस्ट्रॉल के लेवल में भी काफी कमी दर्ज की गई। जिन चूहों को डायबिटीज नहीं थी, उन चूहों का इसकी वजह से वजन बढ़ गया, जबकि डायबिटिक चूहों के वजन में कोई बदलाव नहीं हुआ। शोधकर्ताओं का कहना है कि प्याज में हाई कैलोरी नहीं होती और मेटाबॉलिक रेट बढ़ जाता है। इसकी वजह से भूख बढ़ जाती है और लोग ज्यादा खाना खाना शुरू कर देते हैं.इन दिनों डायबिटीज की समस्या बेहद तेजी से बढ़ रही है। कम उम्र के लोग भी डायबिटीज की चपेट में आते जा रहे हैं और इसकी वजह से हार्ट डिजीज का खतरा भी बढ़ रहा है। पिछले दिनों एक रिसर्च सामने आई थी जिसमें खुलासा हुआ था कि अगले 20 सालों में दुनियाभर में डायबिटीज के मामलों की संख्या करोड़ों में हो जाएगी।इस रिसर्च ने सभी की नींद उड़ा दी है। डायबिटीज एक महामारी की तरह लोगों को अपनी चपेट में ले रही है।इससे बचने के लिए लाइफस्टाइल में जरूरी बदलाव, हेल्दी डाइट, फिजिकल एक्टिविटी, रेगुलर चेकअप, वजन कंट्रोल करने जैसी बातों का ध्यान रखना चाहिए।

# मोहम्मद यूनुस ने कहा- युवा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आत्मविश्वास पैदा करें



**ढाका**


बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार प्रो. मोहम्मद यूनुस ने आज कहा कि देश के युवाओं खुद के भीतर यह आत्मविश्वास पैदा करना होगा कि वह बड़े लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। ढाका ट्रिब्यून अखबार के अनुसार, उन्होंने ढाका विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय बोस-आइंस्टीन सांख्यिकी के शताब्दी समारोह: ढाका की विरासत के संबोधन के दौरान यह आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि हमें अपने युवाओं के मन में यह विश्वास पैदा करना चाहिए कि वो ही दुनिया हैं। आज हम उस आकांक्षा की शताब्दी मना रहे हैं।

समारोह का आयोजन ढाका विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग और बोस सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडी एंड रिसर्च इन नेचुरल साइंसेज ने संयुक्त रूप से किया है। प्रो. यूनुस ने कहा कि जिस तरह 1924 में बोस के आविष्कार के लिए माहौल तैयार किया गया, आज उसी तरह के प्रयासों की जरूरत है। शोध से जुड़े विद्वान इसके लिए अंतरिम सरकार को सुझाव दें।

# इंसानों के तनाव को भी सूंघ लेते हैं कुत्ते, ताजा शोध में हुआ यह खुलासा

**लंदन**



एक शोध में कुत्ते को लेकर एक हैरान करने वाला खुलासा हुआ है। शोध के अनुसार अगर आप स्ट्रेस यानी तनाव में हैं तो इस बात का भी कुत्तों को तुरंत एहसास हो जाता है। कुत्ते तुरंत इंसान के मानसिक बदलाव को पकड़ लेते हैं1 जानकारी के अनुसार क्वीन्स यूनिवर्सिटी बेलफास्ट के शोधकर्ताओं के द्वारा किए गए एक शोध में पता चला है कि कुत्ते इंसानों के पसीने और सांस से तनाव का पता लगा सकते हैं। वे मनुष्य के मानसिक स्थित को पढ़ने में भी माहिर हैं और बड़े ही आसानी से यह पता लगा लेते हैं कि कोई शख्स तनाव में हैं या नहीं।

युनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के मुताबिक इंसान अपने पसीने और सांस से अलग अलग तरह की गंध छोड़ते हैं। जब मनुष्य तनाव में होता है तो उस समय निकलने वाले पसीने की गंध अलग होती है। इसी गंध को कुत्ते आसानी से पकड़ लेते हैं। इस अध्ययन को मनोविज्ञान स्कूल में क्लारा विल्सन और केरी कैंपबेल द्वारा किया गया था। इंसानी तनाव का कुत्तों द्वारा पता लगाने वाले इस परीक्षण में बेलफास्ट के 4 कुत्ते ट्रेओ, फिंगल, सूत और विनी के अलावा 36 लोग शामिल थे। इन सभी 36 लोगों के शोधकर्ताओं ने पसीने और सांस के नमूने इकट्ठे किए। इसके बाद सभी लोगों को गणित के कठिन प्रश्न हल करने को दिया गया।

शोधकर्ताओं ने सवाल को हल करने से पहले इन सभी लोगों से ये नूमने लिए थे। शोध में शामिल सभी लोगों ने खुद ही कठिन सवाल को हल करने से पहले और बाद के अपने तनाव के बारे में जानकारी दी। इसमें शोधकर्ताओं ने केवल उन नमूनों का इस्तेमाल किया जहां लोगों का रक्तचाप और हृदय गति बढ़ गई थी।कुत्तों को इस बारे में ट्रेनिंग दी गई थी कि कैसे लोगों में एक गंध को तलाशकर वो शोधकर्ताओं को सही नमूने की जानकारी देना है। शोध से पहले शोधकर्ताओं को इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी कि सांस और पसीने की गंध में किसी तरह का कोई अंतर है। कुत्तों को इंसानों के तनाव और आराम के पलों के नमूने दिए थे। शोध में केवल 4 मिनट के अंदर ही कुत्तों ने उन लोगों की पहचान कर ली जो कि तनाव में थे।

# पाक में 3 आतंकी हमले: फ्रंटियर कोर के 4 जवान, दो बच्चों समेत सात की जान गई

**इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में तीन स्थानों पर हुए आतंकी हमलों में सात लोगों की जान चली गई। मृतकों में फ्रंटियर कोर के चार जवान और प्राइमरी स्कूल के दो बच्चे हैं। ये हमले दक्षिण वजीरिस्तान अपर और खैबर के तिराह में हुए। डॉन अखबार की खबर में सूत्रों के हवाले से इन घटनाओं का विवरण साझा किया गया है। इसमें कहा गया है कि इन हमलों में फ्रंटियर कोर के चार जवानों सहित कम से कम सात लोग हताहत हुए।

पहला हमला दक्षिण वजीरिस्तान अपर की तहसील लाधा के करम इलाके में सुरक्षा बलों के एक बम निरोधक वाहन पर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से किया गया। इसके बाद फायरिंग की गई। विवरण के अनुसार तहसील लाधा के करम इलाके में हुए इस हमले में फ्रंटियर कोर के चार जवान शहीद हो गए और पांच अन्य घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर है। उन्हें वाना के स्काउट्स अस्पताल में



### वेस्ट बैंक पर मारा गया एक फिलिस्तीनी: इजरायली सेना

**यरूशलम ।** इजरायली सेना ने दावा किया है कि कथित तौर पर कार से टक्कर मारने और चाकू से हमला करने का प्रयास करने वाले फिलिस्तीनी शख्स को वेस्ट बैंक (इजरायली कब्जे वाले) में गोली मार दी गई। जिससे उसकी मौत हो गई। एक समाचार एजेंसी के अनुसार सेना ने बताया कि संदिग्ध ने रामल्लाह शहर के उत्तर में शिलोह जंक्शन पर नागरिकों पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। बयान में कहा गया ?कि इसके बाद वह वाहन से बाहर निकला और चाकू से हमला करने का प्रयास करने लगा। इस दौरान एक हथियारबंद नागरिक राहगीर ने संदिग्ध को गोली मार दी, जिसके बाद सेना ने घटनास्थल पर उसकी मौत की पुष्टि की। सेना ने कहा ?कि सैनिक पूरे क्षेत्र में तैनात हैं। इजरायल की मैगन डेविड एडोम आपातकालीन सेवा ने बताया कि 26 वर्षीय महिला और 15 वर्षीय लड़के को हल्की चोटें आई और उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

स्थानांतरित कर दिया गया है। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया है।

इसके अलावा आतंकवादियों ने दाजा घुंडई इलाके में एक वाहन को निशाना बनाया। इस हमले में आतंकवाद निरोधक विभाग का एक अधिकारी शहीद हो गया और दो नागरिक घायल हो गए। खैबर की तिराह घाटी में अज्ञात स्थान से दागा गया मोर्टार गोला दो बच्चों की मौत का सबब बन गया। इस हमले में पांच अन्य लोग घायल हो गए। यह हमला तिराह घाटी के बार कंबार खेल के भूटान शरीफ इलाके में हुआ है। हमले में मारे गए दोनों बच्चे सरकारी प्राथमिक विद्यालय हाशिम खान कलाय में पढ़ते थे।